नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................

दिनांक : 28.01.2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में **लाला लाजपत राय जयन्ती** पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के तीन प्रमुख नेताओं मे ंसे एक लाला लाजपत राय का जन्म आज ही के दिन सन् 1865 को हुआ था। बाल गंगाधर तिलक तथा विपिन चन्द्र पाल के साथ इस तिकड़ी को लाल–बाल–पाल के नाम से जाना जाता है। इन तीन नेताओं ने सबसे पहले भारत में पूर्ण स्वराज की माँग की थी। बाद में समूचा देश इनके साथ हो गया। लाला हंस राज के साथ मिल कर इन्होने दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों का प्रसार किया तथा इन्होने स्वामी दयानन्द सरस्वती के साथ मिलकर आर्य समाज को पंजाब में लोकप्रिय बनाया। लाला लाजपत राय ने अनेक स्थानों पर शिविर लगा कर लोगों की सेवा भी की थी। इन्होने लाहौर में साइमन कमीशन के विरूद्ध आयोजित एक विशाल प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी–चार्ज में ये बुरी तरह घायल हो गये। उस समय उन्होने कहा था ' मेरे शरीर पर पड़ी एक–एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक–एक कील का काम करेगी' और वही हुआ भी लाला जी के बलिदान के 20 वर्ष के भीतर ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हो गया।

कार्यक्रम में डॉ. यशवन्त राव, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. राजेश शुक्ल, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. आर .एन. सिंह, डॉ. प्रवीन्द्र शाही, श्री सुबोध कुमार मिश्र, श्रीमती विभाग सिंह, डॉ. शिव कुमार बर्नवाल सहित शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ0 राजेश शुक्ल)
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी